**झारखण्ड सरकार,**

**कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग**

**–:: अधिसूचना ::–**

राँची, दिनांक–24/12/2020

**संख्या–15/सा०अव०–03–03/2020 का०–6751/** भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या–20–25–56–पर्व–1, दिनांक–8 जून, 1957 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881) 26–1881 की धारा–25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल, वर्ष 2021 में संलग्न अनुसूची–1 में अंकित पर्व/अवसरों पर राजपत्रित अवकाश घोषित करते हैं।

2. वर्ष 2021 में संलग्न अनुसूची–2 में अंकित तिथियों को कार्यपालक आदेश के तहत झारखण्ड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय एवं राजस्व कार्यालय बन्द रहेंगे।

3. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या–41/2/98 बी०ओ० II दिनांक–09 अगस्त, 2002 एवं पत्रांक–1/22/2012–बी०ओ०-II दिनांक– 09 जनवरी 2013 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन॰आई॰ एक्ट, 1881)–26–1881 की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल वर्ष 2021 में सम्पूर्ण राज्य में संलग्न अनुसूची–3 में अंकित बैंक वार्षिक लेखा बंदी अवकाश घोषित करते हैं।

**टिप्पणीः–**
i. चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
ii. राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में छः दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी।
iii. अनुसूची–3 में उल्लिखित बैंक लेखा वार्षिक बन्दी सरकारी अधिष्ठानों/कार्यालयों पर लागू नहीं होगा।

**झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,**

24/12/20

**(एच० के० सुधाँशु)**
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–15/सा०अव०–03–03/2020 का०–6751 /** राँची, दिनांक–24/12/2020

**प्रतिलिपि**– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्र०सु० तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को झारखण्ड ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

24/12/20

**सरकार के अवर सचिव।**

ज्ञापांक–15 / सा०अव०–03–03 / 2020 का०–6751 /          राँची, दिनांक–24/12/2020

**प्रतिलिपि–** सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/सभी मंत्रीगण के आप्त सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/प्रभारी सचिव, झारखण्ड विधान सभा/सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग/सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, राँची/महालेखाकार, झारखण्ड, राँची/बिहार, पटना/सचिव, गृह मंत्रालय,/कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली/संयुक्त सचिव, आर्थिक कार्य विभाग (बैकिंग प्रभाग), जीवन दीप, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली/स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन, नई दिल्ली/सभी राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव/मुख्य आयकर आयुक्त, झारखण्ड, राँची/आयुक्त, केन्द्रीय उत्पाद, झारखण्ड, राँची/सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के झारखण्ड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के महा/उप प्रबंधक/भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड, राँची/रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, झारखण्ड, राँची, बिहार, पटना/आकाशवाणी, राँची/दूरदर्शन, राँची/भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड, राँची/जेनरल इन्स्योरेंस कम्पनी, राँची/स्टेशन प्रबंधक, रेलवे जंक्शन, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

24/12/20

**सरकार के अवर सचिव।**

## अनुसूची–1

### वर्ष 2021 के लिए झारखण्ड राज्य में एन०आई०एक्ट,1881 के तहत घोषित अवकाश

| क्र० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1942/1943) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी | माघ – 06 | मंगलवार | 1 |
| 2. | महाशिवरात्री | 11 मार्च | फाल्गुन – 20 | गुरूवार | 1 |
| 3. | होली | 29 मार्च | चैत्र – 08 | सोमवार | 1 |
| 4. | गुड फ्राईडे | 02 अप्रैल | चैत्र – 12 | शुक्रवार | 1 |
| 5. | अम्बेदकर जयंती | 14 अप्रैल | चैत्र – 24 | बुधवार | 1 |
| 6. | सरहुल | 15 अप्रैल | चैत्र – 25 | गुरूवार | 1 |
| 7. | राम नवमी | 21 अप्रैल | वैशाख – 01 | बुधवार | 1 |
| 8. | ईद– उल– फितर | 14 मई | वैशाख – 24 | शुक्रवार | 1 |
| 9. | बुद्ध पूर्णिमा | 26 मई | ज्येष्ठ – 05 | बुधवार | 1 |
| 10 | ईद–उल–जुहा (बकरीद) | 21 जुलाई | आषाढ़ – 30 | बुधवार | 1 |
| 11. | मुहर्रम | 19 अगस्त | श्रावण – 28 | गुरूवार | 1 |
| 12. | जन्माष्टमी | 30 अगस्त | भाद्र – 08 | सोमवार | 1 |
| 13. | करमा पूजा | 17 सितम्बर | भाद्र – 26 | शुक्रवार | 1 |
| 14. | महात्मा गाँधी का जन्म दिवस | 02 अक्टूबर | आश्विन – 10 | शनिवार | 1 |
| 15. | महाअष्टमी | 13 अक्टूबर | आश्विन – 21 | बुधवार | 1 |
| 16. | महानवमी | 14 अक्टूबर | आश्विन – 22 | गुरूवार | 1 |
| 17. | विजयादशमी | 15 अक्टूबर | आश्विन – 23 | शुक्रवार | 1 |
| 18. | मिलाद–उन–नबी या ईद–ए–मिलाद (पैगम्बर मोहम्मद का जन्म दिवस) | 19 अक्टूबर | आश्विन – 27 | मंगलवार | 1 |
| 19. | दीपावली | 04 नवम्बर | कार्तिक – 13 | गुरूवार | 1 |
| 20. | सूर्य षष्ठी डाला छठ (सायं अर्घ्य) | 10 नवम्बर | कार्तिक – 19 | बुधवार | 1 |
| 21. | गुरुनानक जयंती | 19 नवम्बर | कार्तिक – 28 | शुक्रवार | 1 |
| 22. | क्रिसमस | 25 दिसम्बर | पौष – 04 | शनिवार | 1 |
| | कुल दिन | | | | 22 |

टिप्पणीः– होलिका दहन–28 मार्च, महावीर जयंती–25 अप्रैल एवं स्वतंत्रता दिवस–15 अगस्त को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण उक्त तिथि को अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

# अनुसूची–3

वर्ष 2021 में एन०आई०एक्ट,1881 के तहत बैंक लेखा बन्दी अवकाश

| क्रं० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1942/1943) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बैंक लेखा की वार्षिक बंदी | 01 अप्रैल | चैत्र – 11 | गुरुवार | 1 |
| | कुल दिन | | | | 01 |

# अनुसूची–2

## वर्ष 2021 के लिए झारखण्ड राज्य में कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश

| क्रं० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1942/1943) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सोहराय | 13 जनवरी | पौष – 23 | बुधवार | 1 |
| 2. | मकर संक्राति | 14 जनवरी | पौष – 24 | गुरूवार | 1 |
| 3. | सुभाष चन्द्र बोस जयंती | 23 जनवरी | माघ – 03 | शनिवार | 1 |
| 4. | बसंत पंचमी | 16 फरवरी | माघ – 27 | मंगलवार | 1 |
| 5. | संत रविदास जयन्ती | 27 फरवरी | फाल्गुन – 08 | शनिवार | 1 |
| 6. | मजदूर दिवस | 01 मई | वैशाख – 11 | शनिवार | 1 |
| 7. | हूल दिवस | 30 जून | आषाढ़ – 09 | बुधवार | 1 |
| 8. | रथ यात्रा | 12 जुलाई | आषाढ़ – 21 | सोमवार | 1 |
| 9. | विश्व आदिवासी दिवस | 09 अगस्त | श्रावण – 18 | सोमवार | 1 |
| 10. | गणेश चतुर्थी | 10 सितम्बर | भाद्र – 19 | शुक्रवार | 1 |
| 11. | शारदीय नवरात्र | 07 अक्टूबर | आश्विन – 15 | गुरूवार | 1 |
| 12. | दशहरा (महासप्तमी) | 12 अक्टूबर | आश्विन – 20 | मंगलवार | 1 |
| 13. | गोर्वधन पूजा | 05 नवम्बर | कार्तिक – 14 | शुक्रवार | 1 |
| 14. | भातृ द्वितीय (भैयादूज)/चित्रगुप्त पूजा | 06 नवम्बर | कार्तिक – 15 | शनिवार | 1 |
| 15. | छठ प्रातः अर्ध्य | 11 नवम्बर | कार्तिक – 20 | गुरूवार | 1 |
| 16. | भगवान बिरसा मुण्डा जयंती/राज्य स्थापना दिवस | 15 नवम्बर | कार्तिक – 24 | सोमवार | 1 |
| | कुल दिन | | | | 16 |

टिप्पणीः–रक्षा बंधन–22 अगस्त को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस हो, वहाँ उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

24/12/20